मध्य प्रदेश में औद्योगिक रूप से पिछड़े जिले

19. **चौ० हरि सिंह :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के कितने जिलों को औद्योगिक रूप से पिछड़े जिले घोषित किया गया है ; और

(ख) औद्योगिक रूप से पिछड़े इन जिलों में उद्योग स्थापित करने हेतु क्या सुविधायें उपलब्ध कराये जाने का विचार है ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) : (क) मध्य प्रदेश में औद्योगिक रूप से पिछड़े घोषित किए गए जिलों की संख्या 36 है ।

(ख) किसी राज्य के विशेष जिलों का औद्योगीकरण करना मुख्यतया संबंधित राज्य सरकार का उत्तरदायित्व है, तथापि, औद्योगीकरण को बढ़ावा देने तथा क्षेत्रीय असंतुलन कम करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार कई प्रोत्साहन देती है, जैसे केन्द्र द्वारा घोषित पिछड़े जिलों में एककों की स्थापना करने के लिए उद्यमियों को औद्योगिक लाइसेंस की मंजूरी में प्राथमिकता रियायती वित्त आदि । मध्य प्रदेश में सभी 36 जिले इन प्रोत्साहनों को पाने के पात्र हैं । इसके अतिरिक्त, केन्द्र सरकार ने "उद्योग रहित जिला" आधारभूत विकास योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के लिए 6 विकास केन्द्र भी स्वीकृत किए हैं ।

कुटीर उद्योगों के विकास के संबंध में नीति

20. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कुटीर उद्योगों के विकास के लिये हाल में कोई नीति बनाई है, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार ने कुम्हारों और चमड़े का काम हाथ से करने वालों के संबंध में कोई अध्ययन कराया है, यदि हां, तो इन व्यवसायों में कितने व्यक्ति लगे हुए हैं और उन्हें क्या कठिनाइयां पेश आ रही हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) : (क) सरकार की वर्तमान नीति कुटीर उद्योगों के विकास पर जोर देना है । खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र में कुटीर उद्योगों के विकास के लिए योजना के अंतर्गत वर्ष 1990-91 के लिए 205 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं । आठवीं योजना के दौरान खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र के अन्तर्गत कुटीर उद्योगों के संवर्धन को अधिक गांवों को सम्मिलित करके तेज किया जायेगा । खादी तथा ग्रामोद्योग के विकास के लिए, खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग विभिन्न सुविधाएं मुहैया करता है जैसे कम ब्याज पर वित्तीय सहायता, ब्याज के लिए राज सहायता, खरीदारी में वरीयता, उत्पाद शुल्क में छूट, कारीगरों को प्रशिक्षण, विपणन संबंधी सहायता इत्यादि ।

(ख) जी, नहीं । तथापि, खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र में चमड़ा तथा मिट्टी के बर्तन उद्योग में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या क्रमशः 2,93,324 तथा 3,53,853 है ।

Modernisation of Airports at Bombay and Delhi

21. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government are considering to award the Delhi and Bombay airport modernisation projects to a foreign consortium in view of the highly sophisticated nature of the job involving air safety;

(b) if so, what are the details of the allocations made in this behalf for the year 1990-91 and 1991-92; and

(c) by when this project will commence and what are the details of

firms to which these projects have been assigned?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN): (a) to (c) The proposal for modernisation of Air Traffic Control system at Bombay and Delhi airports is still under consideration of the Government.

घरेलू गैस उत्पादन का लक्ष्य

22. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1989 के वर्ष के लिए घरेलू गैस उत्पादन का लक्ष्य क्या था और इस अवधि के दौरान इसका वास्तविक उत्पादन कितना हुआ ; और

(ख) 1990 के लिए घरेलू गैस उत्पादन का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) 1989 के दौरान एल. पी. जी. का वास्तविक उत्पादन 19,17,000 टन था जबकि लक्ष्य 17,77,000 टन का रखा गया था।

(ख) वर्ष 1990 के लिए एल.पी.जी. के उत्पादन का लक्ष्य 19,30,000 टन रखा गया है।

Agitation by the employees of Central Research Institute for Yoga

23. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that costly equipments, furniture and records belonging to the Central Research Institute for Yoga was recently destroyed by agitating employees of the Institute;

(b) if so, what are the details thereof stating the loss suffered by the Institute as a result thereof and the circumstances leading to the agitation by the employees of the Institute; and

(c) what action has been taken by Government in the matter?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RASHEED MASOOD): (a) No, Sir.

(b) and (c) Employees of C.R.I.Y. agitated for removal of Swami Dhirendhra Brahamchari from the Directorship of CRIY and to press their grievances regarding salary, bonus, increments and termination of services. These matters have to be considered by the Governing Body of C.R.I.Y.

Oil Refinery unit at Narimanam, Tamil Nadu

24. SHRI S. K. T. RAMA CHANDRAN: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) by when the Oil Refinery unit would be set up in Narimanam in Tamil Nadu;

(b) what is the estimated capacity of the proposed unit;

(c) what is the employment potential of this unit; and

(d) what is the estimated earning of foregn exchange through this unit?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): (a) and (b) The Detailed Feasibility Report (DFR) submitted by Madras Refineries Ltd. for a crude distillation unit of 0.5 million tonnes per annum and facilities for separation of 16,500 tonnes per annum of LPG from associated gas near Nagapattinam in Narimanam sector, Tamil Nadu, is being examined. The project is expected to be completed within 30 months from date of Government's approval.